# सड़क पर रेत-गिट्टी डालकर व्यापारियों ने किया कब्जा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 नवम्बर।** प्रशासन के माध्यम से एमपीआरडीसी द्वारा सड़क का निर्माण वाहनों के आवागमन के साथ लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। लेकिन मेहगांव रोड बंबा से कल्यापुरा चौराहे तक करीब एक किमी का मार्ग रेत व्यापारियों के कब्जे में है। व्यापारियों ने बीच सड़क पर रेत और गिट्टी की डंप बनाकर रास्ता घेर लिया है। सड़क के दोनों तरफ सीसी रोड साइड में रेत के ठेकेदारों ने सड़क पर व्यापार के लिए रेत डाल दिया है जो फैलकर बीच सड़क पर बिखरा हुआ है। सड़क पर रेत और गिट्टी पसरी होने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है।

**आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं कल्याणपुरा रोड पर व्यापार के लिए रखा गया रेत-गिट्टी बन रहा मुसीबत**

**ठेकेदार सड़क का निजी उपयोग कर रहे :** भिंड-मुरैना स्टेट हाइवे पर हर दिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन पोरसा, कचनाव, कल्याणपुरा और मुरैना तक रहता है। हाइवे पर नगर में ठेकेदारों द्वारा डाला गया बिक्री के लिए मटेरियल वाहनों के लिए मुसीबत बना हुआ है। आए दिन वाहन चालक रेत, गिट्टी से फिसलकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। मगर ठेकेदार अपने निजी उपयोग के लिए सड़क का स्तेमाल कर रहे हैं। जिस पर नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं है। बावजूद रेत के व्यापारी अपनी मनमानी करने में जुटे हुए हैं।

**ऐसे कर रहे सड़क पर डंप :** नगर में भवन निर्माण के लिए मटेरियल की कई दुकानें संचालित की जा रही हैं। कुछ व्यापारी गिट्टी और रेत का व्यापार फुटकर में करते हैं। मगर उनके पास सामग्री रखने के लिए खुद की जगह उपलब्ध नहीं है। इसलिए वह सरकारी सड़क को उपयोग में लाते हैं। रेत से भरे ट्रकों को बीच रोड पर ठेकेदारों द्वारा खाली करा लिया जाता है। उसके बाद वह फुटकर में ट्रॉली के भाव से रेत बेचकर दाम कमाते हैं। कई बार महीनों तक सड़क पर रेत के बड़े ढेर लगे रहते हैं, जिनकी विक्री काफी देर बाद हो पाती है। ऐसे में वाहनों को निकलने के लिए जगह कम पड़ जाती है।

**फिसलकर गिर रहे लोग :** स्टेट हाइवे पर सुबह वाहनों का आवागमन शुरू हो जाता है। कई बार रात के समय वाहन चालकों को सड़क पर पसरा रेत व गिट्टी दिखाई नहीं देता है, जिसके कारण लोग फिसलकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं। सड़क से होकर प्रशासन के अधिकारियों की गाड़ियां भी गुजरती हैं, लेकिन सड़क खाली कराने के लिए आज तक किसी ने ठोस प्रयास नहीं किए हैं। सड़क के दोनों साइड में ठेकेदार द्वारा करीब 10 फीट चौड़ी सड़क पर अतिक्रमण जमा लिया गया है। ऐसे में वाहनों के साथ आम लोगों को परेशानी होती है।

**नगर परिषद गंभीर नहीं**

नगर वासियों ने सड़क से रेत-गिट्टी की डंप हटाने के लिए नगर परिषद अधिकारियों से मांग की है। लोगों का कहना है कि हाइवे पर विक्री के लिए रेत इकट्ठा करने से कई बार लोगों के साथ घटनाएं हो जाती हैं। जिसमें सबसे अधिक परेशानी रात के समय दुपहिया वाहनों को होती है। रेत के बड़े ढेर के आगे वाहनों को मोड़ पर सड़क ठीक से नजर नहीं आती है। जिसकी भरपाई उन्हें खुद करनी पड़ती है। लोगों की मांग के बावजूद भी प्रशासन के अधिकारी रेत ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने में हिचकिचाते हैं।

**इनका कहना है ...**

बीच सड़क पर रेत-गिट्टी रखकर ठकेदारों ने सड़क पर रास्ता बंद कर दिया है। सड़क के बीच में 10 फीट चौड़ा रास्ता आवागमन के लिए बचा है, जिससे लोगों को परेशानी होती है।

**– सुरेश सिंह, स्थानीय निवासी गोरमी।**

सड़क पर लगे रेत के ढेर को हटाने के लिए हमने कई बार अधिकारियों से शिकायत की है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

**– राहुल सिंह, स्थानीय निवासी गोरमी।**

# रुदौली गांव में गाय चराने को लेकर विवाद बना हत्या का कारण

**भिंड, 2 नवम्बर।** अटेर थाना क्षेत्र के रुदौली गांव में गाय चराने को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद अब हत्या में बदल गया। यह घटना 29 सितंबर की बताई जा रही है। विवाद के दौरान हुई मारपीट में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में तनाव का माहौल है।



जानकारी के अनुसार, गांव के कैलाश बाल्मीकि शनिवार को अपने खेत के पास गाय चराने गया था। इसी दौरान गांव के ही जसरथ बाल्मीकि और उसका पुत्र लाखन बाल्मीकि से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामूली कहासुनी धीरे-धीरे इतनी बढ़ गई कि दोनों आरोपियों ने कैलाश पर लात-घूंसों और मुक्कों से हमला कर दिया। इस मारपीट में कैलाश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन और ग्रामीण उसे तुरंत अटेर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल भिंड रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही गांव में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर अटेर थाना प्रभारी रामनरेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जसरथ बाल्मीकि और उसके पुत्र लाखन बाल्मीकि के खिलाफ धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। टीआई रामनरेश यादव ने बताया कि मामला गंभीर है। दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पिता-पुत्र पर हत्या का मामला दर्ज**

# नापतौल विभाग की लापरवाही के चलते नगरवासियों को लूट रहे व्यापारी, जिम्मेदार नहीं कर रहे कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 नवम्बर।** गोहद क्षेत्र में व?यापारियों की मनमानी के चलते हुए ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले भोले-भाले किसानों और लोगों को सब्जी विक्रेता से लेकर किराना व्यापारियों का लूटने का काम खुलेआम चल रहा है। क्योंकि उन कम सामान तौला जा रहे है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे है।

यहां बता दें, कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा गोहद में एक नापतौल विभाग था, जिसको खत्म कर दिया गया है। इससे पिछले चार पांच वर्षों से गोहद नगर में किराना दुकानों से लेकर सब्जी विक्रेता के बांटो पर कोई नई मोहर नहीं लग रही हैं। इन किराना व्यापारी से लेकर सभी सब्जी विक्रेताओं के हौसले बुलंद हैं। क्योंकि शासन इस तरफ ध्यान देना उचित नहीं समझ रहा है। इसके चलते उपभोक्ता को मनमाने ढंग से लूटा जा रहा है। वहीं कुछ व्यापारी जैसे सब्जी व्यापारी, किराना व्यापारी, अनाज व्यापारी की दुकानों पर इलेक्ट्रिक कांटो का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन नापतौल विभाग द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई। जिसके चलते आमजन को धन व सामान दोनों में ही नुकसान हो रहा है।

**पत्थर के बांटों से तौलकर सामान बेच रहे व्यापारी**

जब भी गोहद चौराहा से लेकर गोहद तक सब्जी से लेकर किराना का सामान खरीदने जाते है, तो अधिकतर व्यापारियों द्वारा पत्थर के बांट या बिना मोहर लगे हुए बांटों द्वारा सामान दिया जाता हैं।

**– नाथूसिंह सिकरवार, ग्रामीण, जसरथपुरा**

**इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौलते हैं सामान**

मैंने अधिकतर किराना एवं सब्जी व्यापारियों से इलेक?ट्रॉनिक कांटो के लाइसेंस से लेकर नापतौल के बारे में जानकारी चाही। लेकिन व्यापारियों द्वारा जवाब दिया जाता है। वहीं व?यापारी बोलते है, कि आपको सामान लेना हैं, तो ले लो। अन्यथा चले जाओ।

**– अनूप राजपूत, रहवासी, गोहद।**

## मां सरस्वती सामाजिक धार्मिक रामलीला आयोजित

**भिंड, 2 नवम्बर।** मां सरस्वती सामाजिक एवं धार्मिक रामलीला मंडल मेहगांव के तत्वावधान में रविवार को एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरुदेव भगवान श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर महंत रामदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित हुआ, जिन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य आतिथ्य प्रदान किया। गुरुदेव भगवान की कृपा और प्रेरणा से यह आयोजन एक संस्कारमय, प्रेरणादायी और भक्ति भाव से ओत-प्रोत वातावरण में सम्पन्न हुआ। अपने आशीर्वचन में गुरुदेव भगवान ने कहा कि हमारी माटी के बच्चे जब शिक्षा, खेल और संस्कारों में आगे बढ़ते हैं, तभी समाज सशक्त बनता है। हमें हर युवा को नशा मुक्त बनाकर उसकी प्रतिभा को राष्ट्रनिर्माण की दिशा में लगाना है। गुरुदेव भगवान के मार्गदर्शन में दंदरौआधाम में हर वर्ष खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु बैल दौड़, घोड़ा दौड़, ऊंट दौड़, क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल और साइकिल दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। आप स्वयं योग, खेल और शिक्षा के प्रति सजग संत हैं, जो सदैव बच्चों की शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक उन्नति की चिंता करते हैं।

# यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सख्त हुई पुलिस

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 नवम्बर।** भिंड पुलिस द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से थाना सिटी कोतवाली भिंड में बस वाहन मालिकों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक और सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर ने की।

**बस मालिकों की बैठक में थाना प्रभारी ने दिए स्पष्ट दिशा-निर्देश**



बैठक के दौरान थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह सेंगर ने बस मालिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बस ऑपरेटर अपने वाहनों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराएं और चालक-परिचालक को जिम्मेदारीपूर्वक आचरण के लिए प्रेरित करें। थाना प्रभारी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि बस मालिकों और चालकों की भी समान जिम्मेदारी है। हर बस चालक को यह ध्यान रखना होगा कि वाहन निर्धारित गति सीमा में ही चले और किसी भी स्थिति में ओवरस्पीड या ओवरलोडिंग न हो। उन्होंने सभी बस मालिकों को निर्देशित किया कि बसों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, जिससे बस के अंदर होने वाली गतिविधियों की निगरानी हो सके।

यात्रियों के सामान की सुरक्षा हेतु बसों में उचित व्यवस्था की जाए। सभी बसों के परमिट, बीमा और आवश्यक दस्तावेज अद्यतन और वैध रखें जाएं। बस में किसी भी प्रकार की आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। कोई भी चालक या परिचालक शराब पीकर वाहन न चलाए या कंडक्टरी न करे, अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। बसों में ओवरलोड सवारियों को बैठाने पर रोक लगाई जाए।

यात्रियों के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखें और किसी भी शिकायत की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। थाना प्रभारी ने बस मालिकों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी समाज के जिम्मेदार नागरिक हैं, इसलिए अपने व्यवसाय को कानून और सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित करें। सड़क पर एक छोटी सी लापरवाही किसी की जान के लिए खतरा बन सकती है। बैठक में उपस्थित बस मालिकों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया और कहा कि वे यात्रियों की सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करेंगे।

इस मौके पर थाना सिटी कोतवाली का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें यातायात सुरक्षा, बस संचालन व्यवस्था और पुलिस-जन सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

# प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 2 नवम्बर।** रामलीला कला मंडल कमेठी के अध्यक्ष महामंडलेश्वर दंदरौआ धाम के मंहत श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज की अभिवन पहल पर रामलीला कला मंडल व्दारा सम्मान समारोह का आयोजन कर नगर के प्रतिभावान क्षात्र क्षात्राओ के साथ साथ उच्च पदो पर आसीन प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिसमे मुख्य रूप से डाश अभिषेक शुक्ला, एसडीएम नवनीत शर्मा, मयंक शर्मा आई ई एस, रामेन्द्र वैश्शय, आशीष मिश्रा योगेंद्र जैन सहित क्षात्र क्षात्राओ एंव रामलीला कला मंडल के कलाकार भी सम्मानित हुए।

**शिक्षा को बढ़ावा देने दंदरौआ महाराज की अभिनव पहल**

कार्यक्रम का प्रारंभ श्रीगणेश माँ शरस्वती पूजन से शुरू हुआ। मंचासीन दंदरौआ महाराज व हरीओम दास भुमिया आश्रम, डा अभिषेक शुक्ला, एसडीएम नवनीत शर्मा, मंच संचालक सुनील त्यागी ने किया।

**सम्मानित छात्र स्कूल**

- शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विध्यालय मेहगांव,, 3+3 10+2
- शासकीय कन्याशाला मेहगांव,3+3 10+2
- शासकीय हाइ स्कूल 3,,,,10 वी
- पब्लिक सेंटर हाइ स्कूल 3+3 10+2
- सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विध्यालय मेहगांव 3+ 3 10+2
- अमर भारतीय विध्या मंदिर उच्तर माध्यमिक विध्यालय मेहगांव,,,3 10 वी।
- वैशणो उच्चतर माध्यमिक विध्यालय 3+3+10+2
- स्वामी विवेकानंद हायर सेकड्री स्कूल 3+3 10+2
- गुरुकुल किड्सकैयर हाई स्कूल 3,,,10 वी,
- श्रीदुर्गे हायर सेकड्री स्कूल 3+3 10+2
- टीडीएस अकैडमी 3+3, 10+2
- शारदा विध्यापीठ स्कूल 3,,10 वी
- वर्षा कॉनवेंट उच्चतर माध्यमिक विध्यालय 3+3 10+2
- एसकेएन पब्लिक हाई स्कूल मेहगांव 3, 10वी

कुल क्षात्र क्षात्राओ सहित 69 विध्यार्थियो को 14 स्कूल के क्षात्र क्षात्राओ को सम्मानित किया गया। 14 स्कूलो के प्राचार्यो की उपस्थित मे क्षात्र क्षात्राओ के सम्मानित होने पर प्राचार्य भी मंचासीन रहे।

# मां ने 28 दिन के मासूम की गला दबाकर की हत्या



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 नवम्बर।** मालनपुर थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 20 वर्षीय मां ने अपने 28 दिन के नवजात शिशु की गला दबाकर हत्या कर दी। पति ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो महिला ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज किया है।

थाना प्रभारी प्रदीप सोनी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पति-पत्नी के बीच हुए विवाद और शक से जुड़ा पाया गया है। आरोपी महिला के खिलाफ धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**पति को रोकने पर किया हमला, पुलिस ने महिला को किया गिरफ्तार**

**विवाद के बाद लिया खौफनाक कदम :** आरोपी उषा बघेल (20) के पति जगन्नाथ सिंह बघेल (21) ने बताया कि उसकी पत्नी पिछले कुछ दिनों से उस पर शक करती थी और आए दिन झगड़ा करती थी। शनिवार को भी दोनों के बीच तीखा विवाद हुआ। इसी दौरान गुस्से में आकर उषा ने अपने 28 दिन के बेटे का गला दबाकर उसकी जान ले ली। जब पति ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने उस पर भी हमला कर दिया। किसी तरह पति ने खुद को बचाकर पड़ोसियों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी।

**पति मजदूरी करता है, कुछ महीने पहले की थी कोर्ट मैरिज :** जगन्नाथ सिंह बघेल उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के लाधवारी महुआ खेरा गांव का रहने वाला है। वह भिंड के मालनपुर क्षेत्र में रहकर मजदूरी करता है। उसने पुलिस को बताया कि दोनों ने इसी साल कोर्ट मैरिज की थी।

# डॉ. गोविंद सिंह से जिला प्रभारी ने की मुलाकात

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 2 नवम्बर।** आगामी चुनावों के मद्देनजर, मतदाता सूची पुनरीक्षण जैसे अति-आवश्यक प्रशासनिक कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने की दिशा में कांग्रेस पार्टी द्वारा बड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर गहन विचार-विमर्श**



इसी क्रम में, मतदाता सूची पुनरीक्षण के जिला प्रभारी दीपक शर्मा ने प्रदेश की राजनीति के एक कद्दावर नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष, डॉ. गोविंद सिंह से उनके भिंड स्थित निवास पर औपचारिक मुलाकात की। यह मुलाकात विशेष रूप से बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति, उनकी सक्रियता, और पुनरीक्षण प्रक्रिया में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने पर केंद्रित थी।

बीएलए किसी भी निर्वाचन प्रक्रिया की रीढ़ होते हैं, और दोनों प्रमुख व्यक्तियों ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया। इस मौके पर मुख्य रूप से - पूर्व शहर जिलाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ नेता रणवीर सिंह भदौरिया, वरिष्ठ नेता देवेंद्र सिंह भदौरिया, मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदोरिया, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्रीमती रेखा भदोरिया, अंकुर मावई, प्रमोद सिंह, परमार, शेखर शुक्ला, गौरव कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

# गोहद की धरती पर गूंजी 'जय कबड्डी' की गूंज

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 2 नवम्बर।** गोहद की ऐतिहासिक और पावन भूमि पर आयोजित 53वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप 2025 में मध्यप्रदेश भर से आई प्रतिभाओं ने अपनी फुर्ती, साहस और अनुशासन से मैदान को तालियों से गूंजा दिया।

यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश अमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर के पदाधिकारियों और खेलप्रेमियों ने भाग लेकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

उज्जैन बनी चैंपियन — राशि शर्मा बनीं नायिका : उज्जैन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। टीम की स्टार रेडर



राशी शर्मा (जर्सी नं. 10) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए निर्णायक अंक जुटाए और टीम को विजय दिलाई। उनकी लयबद्ध चाल, रणनीतिक रेड्स और तेज़ी ने विरोधियों की डिफेंस को बार-बार तोड़ा। विजेता टीम को आयोजको द्वारा 3100 रुपये का नगद पुरुस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राशि शर्मा को मुख्य अतिथि द्वारा अपनी तरफ से 3100 रुपये का पुरुस्कार दिया गया। भोपाल उपविजेता रहा, जिसे आयोजको द्वारा 2100 रुपये का नगद पुरुस्कार दिया गया। जबकि इंदौर और जबलपुर ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**अतिथियों और पदाधिकारियों ने बढ़ाया हौसला :** कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री लाल सिंह आर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बेटियाँ आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, और खेल के मैदान पर उनका जोश व अनुशासन समाज के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर डी.सी. शर्मा - सचिव, सेलेक्शन रेफरी बोर्ड, मोहनलाल चौहान - चेयरमैन, म.प्र. अमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन, दीपक जोशी - जिला सचिव, भोपाल, एस.एन. गोस्वामी, राजेश जैन, संदीप यादव सहित कई वरिष्ठ खेल अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि गोहद की यह भूमि अब खेल प्रतिभाओं की नई जन्मस्थली बन रही है।

**सम्मान और समापन समारोह**

टूर्नामेंट के समापन पर खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाणपत्र और ट्रॉफियाँ प्रदान की गईं। मंच से 'जय कबड्डी' के नारों ने माहौल को जोश से भर दिया। कार्यक्रम में मनीष दीक्षित, प्रमोद कामत, देवी सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गोहद की यह प्रतियोगिता साबित करती है कि कबड्डी अब केवल खेल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, एकता और सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुकी है। राशी शर्मा जैसी बेटियाँ अपने खेल से उज्जैन ही नहीं, पूरे मध्यप्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।